कांग्रेस सरकार ने 4 साल तक नहीं किया 800 करोड़ की आर.टी.ई. राशि का भुगतान : दिलावर

■ भजनलाल सरकार 900 करोड़ रु. का भुगतान कर चुकी, पूर्व सरकार के समय लंबित राशि का भी शीघ्र भुगतान करेगी राज्य सरकार : शिक्षा मंत्री

जयपुर (विसं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) के तहत 4 साल तक 800 करोड़ रु. भुगतान नहीं किया, इस कारण यह राशि लंबित है। भजनलाल सरकार द्वारा आरटीई के तहत 900 करोड़ की राशि का भुगतान किया है, और पूर्व सरकार के समय की बकाया राशि का भी शीघ्र भुगतान किया जायेगा। दिलावर ने यह जानकारी प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों के जवाब में दी।

उन्होंने कहा कि गत सरकार द्वारा वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 तक आरटीई के तहत राशि का पुनर्भरण नहीं किये जाने से लगभग 800 करोड़ रूपये का भुगतान अब भी बकाया है। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा इस बकाया राशि के शीघ्र भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरटीई के तहत नि:शुल्क प्रवेश प्रक्रिया की निरंतर समीक्षा की जाती है एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन के बाद ही प्रवेश प्रकिया संपन्न होती है।

इससे पहले विधायक घनश्याम के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने कहा कि करौली जिले में शिक्षा का अधिकार कानून के तहत वर्ष 2021-22 में 2 हजार 523, वर्ष 2022 - 23 में 4 हजार 740 एवं वर्ष 2024-25 में 7024 निशुल्क प्रवेश दिए गए। उन्होंने इसका वर्षवार एवं विधानसभा क्षेत्रवार विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि करौली जिले में शिक्षा का अधिकार कानून के तहत वर्ष राज्य सरकार द्वारा 2021-22 में 552 विद्यालयों को 14.33 करोड़, वर्ष 2022 -23 में 534 विद्यालयों को 14.84 करोड़ एवं वर्ष 2024-25 में 517 विद्यालयों को 15.51 करोड़ की राशि का पुनर्भरण किया गया। उन्होंने इसका वर्षवार एवं विधानसभा क्षेत्रवार विवरण सदन के पटल पर रखा।

दिलावर ने बताया कि निशुल्क प्रवेश प्रक्रिया में आवेदन से लेकर प्रवेश प्रकिया तक संपूर्ण कार्य ऑनलाइन है। कोई भी गैर सरकारी विद्यालय किसी भी विद्यार्थी को आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेश होने पर प्रवेश को रोक नहीं सकता। दिलावर ने बताया कि प्रारम्भिक शिक्षान्तर्गत कक्षा एक से आठ तक शुल्क वसूली के प्रकरण विभाग को प्राप्त नहीं हुए हैं।

केवल पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेशित विद्यार्थियों के आरटीई पुनर्भरण के संबंध में याचिका न्यायालय में विचाराधीन है। इस याचिका के निर्णय अनुसार पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेशित विद्यार्थियों के शुल्क वसूली के संबंध में परिवेदना का निस्तारण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षान्तर्गत इस कानून के तहत प्रवेश पाने वाले बच्चों से शुल्क वसूली के प्रकरण विभाग को प्राप्त हुए है। माध्यमिक शिक्षा से संबंधित प्राप्त शिकायतों के क्रम क्रम में विभाग स्तर पर की गई कार्यवाही का विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा।

परिवहन निरीक्षक से मारपीट करने वाले 3 बदमाश दबोचे

विश्वकर्मा थाना पुलिस ने जयपुर-दिल्ली हाईवे पर दो दिन पहले परिवहन निरीक्षक से मारपीट करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

जयपुर (कासं)। विश्वकर्मा थाना इलाके में स्थित जयपुर-दिल्ली हाईवे पर गत दिनों दो दिन पहले परिवहन निरीक्षक (आरटीओ) से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने वीडियों के आधार पर तीन बदमाशों की पहचान कर उन्हे गिरफ्तार किया है। पुलिस तीनों बदमाशों से पूछताछ करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि तीनों बदमाशों ने परिवहन विभाग में डर पैदा करने के कारण परिवहन निरीक्षक से मारपीट की थी।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि परिवहन निरीक्षक से मारपीट करने के आरोप दौलतपुरा जयपुर निवासी राकेश कुमार शर्मा (32) , रायसर जिला जयपुर निवासी गोवर्धन लाल जाट (44) और चंदवाजी जिला जयपुर निवासी अजय कुमार मीणा (41) को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि एक फरवरी को सुबह एक ट्रक हादसे के बाद तीनों आरोपियों ने जयपुर-दिल्ली हाईवे पर विश्वकर्मा थाना इलाके में परिवहन निरीक्षक बिजेंद्र कुमार से मारपीट की थी। तीनों आरोपियों ने परिवहन निरीक्षक पर आरोप लगाया था कि उसकी लापरवाही के चलते ये हादसा हुआ है। जिसके बाद तीनों ने परिवहन निरीक्षक बिजेंद्र के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरु कर दी थी। बीच-बचाव करने आए परिवहन स्टाफ के साथ भी तीनों बदमाशों ने हाथापाई की थी।

विवाहिता ने फंदे से लटककर जीवन लीला समाप्त की

जयपुर । ब्रह्मपुरी इलाके में एक विवाहिता ने फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से मृतका का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस मामले में मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

जांच अधिकारी एसआई मोहन लाल गुर्जर के बताए अनुसार शंकर नगर ब्रह्मपुरी निवासी मृतका प्रीति कौर (32) पत्नी अर्जुन सिंह अपने कमरे में साड़ी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह अर्जुन सिंह अपने काम पर चला गया था। देर शाम प्रीति ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अर्जुन ने घर पहुंचने पर उसे काफी आवाज लगाई। लेकिन दरवाजा नहीं खुला तो वो दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा तो प्रीति फंदे से झूलती हुई मिली।

951 नलकूप और 1598 हैडपंप का निर्माण कार्य मार्च तक पूरा होगा : भास्कर ए. सावंत

बजट घोषणा 2024-25 के तहत स्वीकृत किए गए थे यह नलकूप व हैंडपंप

जलदाय विभाग के अति. मुख्य सचिव भास्कर.ए.सावंत ने सोमवार को वीडियो कॉफ्रेंस के जरिये अधिकारियों की बैठक ली।

■ जिन शहरों-कस्बों में 96 व 72 घंटे के अंतराल में पेयजल आपूर्ति की जा रही है वहां विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए

जयपुर (कासं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर.ए.सावंत ने कहा कि बजट घोषणा 2024-25 के तहत प्रदेश के विधानसभा क्षेत्रों में 951 नलकूप और 1598 हैड पंपों की स्वीकृतियां जारी की गई है, जिनका निर्माण कार्य मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जिन शहरों एवं कस्बों में 96 एवं 72 घंटे के अंतराल में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है वहां पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं इसके अंतराल को कम किया जाए।

सावंत सोमवार को जल भवन से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य अभियंता सहित अधीक्षण अभियंता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर अकार्यशील आर.ओ सोलर चलित नलकूप जिन पर ड्रिक्लोराइड यूनिट लगी हुई है उन सोलर नलकूप का सर्वे कर 25 फरवरी से पूर्व चालू करने का कार्य पूर्ण कर लिया जाए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों से ग्रीष्म ऋतु 2025 के लिए पेयजल व्यवस्था सुधार के लिए प्रस्ताव प्राप्त कर लिए जाए साथ ही इनकी सभी स्वीकृतियां 25 फरवरी से पूर्व जारी कर दी जाए। उन्होंने कहा कि अति आवश्यक कार्यों की निविदाएं जिसमें नलकूप एवं हेडपंप का निर्माण, जल योजनाओं के संधारण एवं संचालन के कार्यों की निविदाएं संबंधित प्रकिया सभी अधीक्षण अभियंता एवं अधिशाषी अभियंताओं द्वारा फरवरी माह तक पूर्ण कर ली जाए जिससे आगामी ग्रीष्म ऋतु में सभी कार्य नियत समय पर हो सके एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रखी जा सके। सावंत ने कहा कि हेडपंप मरम्मत कार्य के दौरान दुरुस्त किये जा रहे हेडपंप की ठीक होने से संबंधित रिपोर्ट मंगवाई जाए साथ ही संबंधित क्षेत्र के निवासियों से दूरभाष के माध्यम से सत्यापन किया जाए जिससे जमीनी स्तर पर हेडपंप ठीक होने की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके।

वीडियो कांफ्रेंस में मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव संदीप शर्मा, मुख्य अभियंता (ग्रामीण) केडी गुप्ता मुख्यमंत्री (शहरी) मनीष बेनीवाल साहित संबंधित अभियंता उपस्थित रहे।

बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत

जयपुर । रामगंज थाना इलाके में हार्ट अटैक से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। जिसके बाद मृतक के बेटे ने अपने ही रिश्तेदारों पर प्रोपर्टी विवाद को लेकर बुजुर्ग व्यक्ति को धमकाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रिश्तेदारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

जांच अधिकारी एसआई संदीप ने बताया कि अग्रवाल धर्मशाला के सामने रहने वाले मृतक मोहम्मद आफाक (60) कई सालों से प्रॉपर्टी के बंटवारे को लेकर अपने रिश्तेदारों से विवाद चल रहा था। उसके रिश्तेदार रामगंज थाने में मोहम्मद आफाक के खिलाफ शिकायत लेकर आए थे।रिश्तेदारों का आरोप है कि प्रॉपर्टी विवाद के बाद भी आफाक ने अपना पासपोर्ट विवादित प्रॉपर्टी के पत्ते पर बनवाया है। शिकायत मिलने के बाद मोहम्मद आफाक को थाने बुलाकर पूछताछ की गई थी। जिसमें मोहम्मद आफाक ने बताया कि उसके बेटे ने पासपोर्ट बनाया था।

सार-समाचार

"लोक संस्कृति व पुरा वस्तुओं" पर चर्चा

जयपुर । राजस्थान विश्वविद्यालय के संग्रहालय विज्ञान और संरक्षण केंद्र और इतिहास और भारतीय संस्कृति विभाग ने यूजीसी-एमएमटीडीसी के सहयोग से आज दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। लोक संस्कृति और उसकी पुरा वस्तुओं विषय पर आधारित इस संगोष्ठी में देश-विदेश के कई विद्वानों ने अपने शोध पर चर्चा की। संगोष्ठी की समन्वयक और विभागाध्यक्ष, डॉ. नीकी चतुर्वेदी ने कहा कि इतिहास और लोक संस्कृति के बीच की समस्याओं को लोक संस्कृति की मदद से बेहतर बनाना चाहिए। उद्घाटन सत्र में बेल्जियम की डॉ. आयला जोंखारी ने लोक संस्कृति की अभिव्यक्ति के द्वारा शोध को क्रियात्मक बनाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। जैसलमेर के ओरण संरक्षणकर्ता, सुमेर सिंह भाटी ने थार क्षेत्र में वृक्षों के संरक्षण के अपने महत्वपूर्ण काम को साझा किया। प्रोफेसर विभा उपाध्याय ने प्राचीन भारत में लोक संस्कृति के इतिहास को उजागर करने के तरीकों पर प्रकाश डाला। नागालैंड, हिमाचल, मजीलपुर, उडीसा, दिल्ली, जैसलमेर, बीकानेर आदि स्थानों की लोक संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर पत्र वाचकों ने चर्चा की। संगोष्ठी में 'भानगढ़ का रहस्य' पर भी एक रोचक चर्चा हुई। प्रो. सूरजभान भारद्वाज, प्रो. आरपी बहुगुणा और प्रो. मयंक कुमार ने भानगढ़ के लोक मिथक और ऐतिहासिक तथ्यों पर चर्चा की। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. तमेघ पंवार और डॉ. जिज्ञासा मीना ने बताया कि तीन समानांतर सत्रों में 35 से अधिक शोध पत्र संगोष्ठी के पहले दिन प्रस्तुत किए गए। आकांक्षा मोदी, राजस्थान विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर छात्रा ने बावड़ियों पर एक प्रदर्शनी लगाई, जिसे प्रतिभागियों ने देखा।

पुलिस थाना जामडोली का शुभारंभ

जयपुर । राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024 की अनुपालना में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने सोमवार को जामडोली थाने में नवनियुक्त वरिष्ठ कांस्टेबल शिवपाल के हाथों से फीता कटवा कर जामडोली थाना (पूर्व) का शुभारंभ किया। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि स्थानीय लोगों को त्वरित सहायता एवं उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर सम्भव हो। इस दिशा में राज्य सरकार ने जामडोली थाने की स्थापना की। उन्होंने बताया कि पहले यहाँ के लोगों को कानोता थाने में जाना पड़ता था। जयपुर पुलिस कमिश्नर जोसफ ने कहा कि स्थानीय लोगों समस्याएं के संबंध में कानोंता थाना जाना पड़ता था। समस्याओं का समाधान समय पर उनका लीगल तरीके से निस्तारण करने का पूरा प्रयासरत रहेगा। जो थानाधिकारी व स्टाफ इस थाने के लिए तैनात किया गया है । उनका यही प्रयास रहेगा है। क्योंकि इसका नोटिफिकेशन पिछले हफ्ते हुआ था। राज्य सरकार द्वारा इस बिल्डिंग को स्थाई रूप से थाने के रूप में उपयोग करने के लिए हमें अनापत्ति प्रमाण पत्र शनिवार को प्रदान किया था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था डॉ रामेश्वर सिंह ने बताया कि अभी वर्तमान में सबसे ज्यादा डिमांड बेहतर शिक्षा की व्यवस्था के साथ एक अच्छा पुलिस थाना हो। उन्होंने बताया कि पुलिस थाने में काम करने वाले पुलिसकर्मी ईमानदारी वह मेहनत से जनता की सेवा में लगे रहें। उन्होंने बताया कि जयपुर कमिश्नरेट की टीम का मुख्य उद्देश्य है कि गरीब आदमी या किसी भी व्यक्ति की समस्या का तत्काल समाधान हो। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त पूर्व में तेजस्विनी गौतम सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

जयपुर में जुटेंगे त्वचा रोग विशेषज्ञ

जयपुर । इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट्स, वेनेरियोलॉजिस्ट्स और लेप्रोलॉजिस्ट्स (आईएडीवीएल) के 53वें राष्ट्रीय सम्मेलन डर्माकॉन-2025 का आयोजन सात से नौ फरवरी तक राजधानी जयपुर में आयोजित किया जायेगा। आयोजन के अध्यक्ष डॉ. यू.एस. अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन 6 फरवरी की शाम 7 बजे राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे करेंगे। सम्मेलन का आयोजन सीतापुरा क्षेत्र में स्थित जयपुर एग्ज़ीबिशन कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में होगा। उन्होंने बताया कि आयोजन के तहत ही छह फरवरी को विभिन्न कार्यशालाएं भी आयोजित की जायेगी, जिसमें त्वचा रोगों से जुड़ी नई तकनीकों पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय वैज्ञानिक कार्यक्रम में 80 सत्रों में त्वचा रोगों के नए शोध और उपचार पर चर्चा की जायेगी, जिसमें 600 से अधिक भारतीय विशेषज्ञ और 21 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। इस दौरान सम्मेलन में 5500 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रतिभागियों को वैज्ञानिक चर्चाओं के साथ-साथ सामाजिक और नेटवर्किंग कार्यक्रमों में भी भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें नए संपर्क बनाने और विचारों का आदान-प्रदान करने का मौका मिलेगा। आयोजन सचिव डॉ. दीपक माथुर ने कहा कि सम्मेलन नवाचार, सहयोग और ज्ञानवर्धन पर केंद्रित है जिसमें चिकित्सक विशेषज्ञों की मौजूदगी इसे एक शानदार मंच बनाएगी जहां चिकित्सक अपने अनुभव साझा कर सकेंगे और नई खोजें एवं तकनीक की जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे। कोषाध्यक्ष डॉ. विजय पालीवाल ने होने वाले इस सम्मेलन को ज्ञान और संस्कृति का अनूठा संगम बताते हुए कहा कि डर्माकॉन-2025 भारत और दुनिया के विशेषज्ञों को त्वचा रोग, यौन संचारित रोग और कुष्ठ रोग पर चर्चा करने के लिए एक मंच देगा, जिससे इस क्षेत्र में नई चिकित्सा तकनीकों और शोध को बढ़ावा मिलेगा।

चार लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़े

जयपुर (कासं)। खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीस जनवरी को घर में घुसकर लूटपाट करने वाले चार बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने लूटा हुआ माल सोने-चांदी के जेवरात सहित वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के पास से एक अवैध हथियार देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस की प्रारम्भिक जानकारी में सामने आया है कि मकान में काम करने वाले ठेकेदार ने ही सम्पूर्ण लूट की योजना बनाई थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीस जनवरी को घर में घुसकर लूटपाट करने वाले घनश्याम मीना निवासी बूंदी हाल सांगानेर सदर जयपुर,दीपक उर्फ दीपू निवासी शिवदासपुरा जयपुर,अरुण उर्फ रॉबिन उर्फ केशू निवासी सांगानेर सदर जयपुर और हरकेश प्रजापत निवासी दौसा हाल कानोता जयपुर को बापर्दा गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने लूटा हुआ माल सोने-चांदी के जेवरात और वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन सहित एक अवैध हथियार देशी कट्टा भी जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि मकान मे काम करने वाले ठेकेदार हरकेश ने कर्जे के चलते परिवादी के मकान मे काम करने के दौरान घर मे रखे कीमती सामान की निरंतर निगरानी और दैनिक गतिविधियों का पता किया गया। उसके बाद ठेकेदार हरकेश प्रजापत ने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की वारदात की योजना बनायी। ठेकेदार हरकेश द्वारा लूट की योजना बनाई। दैनिक दिनचर्या व मकान मे रखे कीमती जेवहरात के बारे मे अपने साथियो को बताया और मौका पाकर पूर्व मे सूनियोजित लूट की योजना के तहत तीस जनवरी को ठेकेदार हरकेश ने अपने साथियो को रंग पेन्ट करने के सामान लेने के बहाने मकान के अन्दर भेज दिया । स्वयं चौपहिया गाडी मे बैठकर निगरानी की गई। ठेकेदार के साथियों ने मकान के अन्दर घुसकर पीड़िता को रंग पेन्ट का सामान प्राप्त करने की बातों मे लगाया और मकान के कमरे मे रखी आलमारी को खोलकर पीडिता के सोने चांदी के जेवहरात लूट लिये गये।

'पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 5 साल सर्कस में निकाले'

जयपुर (विसं)। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर सोमवार से बहस की शुरुआत हुई। बहस की शुरुआत करते हुए भाजपा विधायक कैलाश वर्मा ने कहा कि, पूर्ववर्ती सरकार ने 5 साल केवल सर्कस करने में ही निकाल दिए, आनन फानन में नए जिले गठित कर दिए, जो केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए गठित किए गए थे। उनका जनता पर भारी बाहर डाल दिया। कांग्रेस सरकार अपने कार्यकलापों के कारण जनता को 5 साल तक लूटती रही, जिससे जनता ने उसको आइना दिखा दिया। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक विकास चौधरी ने कहा अजमेर जिले में विपक्ष का एकमात्र विधायक हूं, वहां के मंत्री और लोग कहते हैं कि हम मुख्यमंत्री के पार्टनर हैं, जितना लूटना है इस किशनगढ़ को उतना लूट लो। इस प्रकार भ्रष्टाचार का तांडव अजमेर और किशनगढ़ में चल रहा है। विकास चौधरी के आरोपों पर कानून मंत्री जोगाराम पटेल और मुख्य सचेतक जागेश्वर गर्ग ने आपत्ति जताई।

12 तकनीकी कार्मिकों को दी प्रोत्साहन राशि

पीएम सूर्य घर योजना में महत्वपूर्ण योगदान पर किया पुरस्कृत

■ घर-घर रूफ टॉप लगाने की दिशा में जयपुर डिस्कॉम ने शुरू की नई पहल

जयपुर । जयपुर विद्युत वितरण निगम ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तकनीकी कार्मिकों को प्रोत्साहित करने की अनूठी पहल की है।

इसके अन्तर्गत रूफ टॉप सोलर लगाने का लक्ष्य अर्जित करने वाले जयपुर शहर के दोनों सर्किल तथा जयपुर जिला सर्किल (उत्तर) के 12 तकनीकी कार्मिकों को अधीक्षण अभियंताओं के स्तर पर सम्मानित किया गया है। इन तकनीकी कार्मिकों को एक-एक हजार रूपए के चेक प्रदान किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने इस संबंध में नवाचार करते हुए योजना में रूफ टॉप सोलर इंस्टॉलेशन का लक्ष्य प्राप्त करने वाले तकनीकी कार्मिकों के लिए मासिक प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसी की अनुपालना में प्रतिमाह 10 अथवा उससे अधिक रूफ टॉप सोलर स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कार्मिकों के लिए यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। डिस्कॉम के अन्य सर्किलों में भी इसी आधार पर तकनीकी कार्मिक सम्मानित होंगे।

डिस्कॉम्स चेयरमैन की इसके पीछे मंशा यह है कि इससे कार्मिकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही, वे अधिक मनोयोग से इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रेरित होंगे। इससे सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की इस महत्वपूर्ण योजना को और गति मिलेगी।

इस क्रम में बीते अक्टूबर माह के लिए तकनीकी हैल्पर प्रथम मुकेश मीणा, प्रेमचंद जाजोरिया, भरत सिंह, औंकार सिंह तथा डोरी नारायण, तकनीकी हैल्पर द्वितीय देवेन्द्र सेन, नरेन्द्र मौर्य, शक्ति सिंह, विजय कुमार एवं कुलदीप सिंह, एसएसए प्रथम नंदकिशोर गोठवाल तथा लाइनमैन प्रथम हरिकिशन मीणा को सम्मानित किया गया है।

सूर्य नमस्कार में 1.51 करोड़ भागीदारों के साथ राजस्थान ने बनाया नया रिकॉर्ड

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के साथ अधिकारी और हजारों बच्चे शामिल हुए।

जयपुर । राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग ने सूर्य सप्तमी के अवसर पर सोमवार को राज्यव्यापी सूर्य नमस्कार अभियान में 1.51 करोड़ भागीदारों के साथ नया रिकॉर्ड स्थापित किया।

यह पहल राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के मार्गदर्शन में शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच एकता और अनुशासन की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इसके लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें दिलावर, शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल, खेल सचिव नीरज के. पवन, राज्य परियोजना निदेशक अनुपमा जोऱवाल और माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी सहित कई प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में लगभग 4 हजार भागीदारों ने विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों से आकर सूर्य नमस्कार किया, जो योग और जीवनशैली में कल्याणकारी प्रथाओं के महत्व को बढ़ावा देने का प्रतीक था। यह पहल राज्य भर में शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त करते हुए लगभग 1.51 करोड़ भागीदारों ने सूर्य नमस्कार अभियान में भाग लिया जो पिछले वर्ष के 1.33 करोड़ भागीदारों के रिकॉर्ड को पार करते हुए एक नया रिकॉर्ड कायम किया गया है। हालांकि यह आंकड़ा अनुमानित हैं और अंतिम आंकड़े एक-दो दिन में ऑनलाइन एमआईएस पोर्टल-शाला दर्पण के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सूर्य नमस्कार के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि यह शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

चन्दन व इरशाद को स्वयं प्रकाश स्मृति सम्मान

नई दिल्ली । हिंदी के युवा कथाकार चन्दन पांडेय और नाटककार इरशाद खान सिकन्दर को विश्व पुस्तक मेले में स्वयं प्रकाश स्मृति सम्मान दिया गया। स्वयं प्रकाश स्मृति न्यास द्वारा आयोजित सम्मान सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विख्यात साहित्यकार श्यौराज सिंह बेचैन और अध्यक्ष विद्वान अध्येता माधव हाड़ा थे। पांडेय को वर्ष 2023 का सम्मान उनके उपन्यास कीर्तिगान तथा सिकन्दर को वर्ष 2024 का सम्मान उनके नाटक जौन एलिया का जिन के लिए दिया गया। सम्मान स्वीकारते हुए चन्दन पांडेय ने कहा कि बड़े कथाकार स्वयं प्रकाश के नाम से जुड़ना उनके लिए बेहद खुशी की बात है। पांडेय ने कहा कि कीर्तिगान उपन्यास के विषय वस्तु से अगर कोई पुरस्कार समिति अपना जुड़ाव दर्ज कराती है तो यकीनन यह आज के समय में खासा साहसिक निर्णय है। हिंदी का प्रभुत्वशाली वर्ग मॉब लिंचिंग के दौर पर न कोई बात करना चाहता है और न उसे दर्ज चाहता है।

मांगों को लेकर पानी की टंकी पर चढ़े संविदाकर्मी

जयपुर। बजाज नगर इलाके में नौकरी से संबंधित अपनी मांग को लेकर पानी की टंकी पर सोमवार दोपहर छह संविदा कर्मी चढ़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और डेढ़ घंटे की कडी मशक्कत करते हुए संविदा कर्मियों से समझाइश कर सभी को सुरक्षित नीचे उतरवा गया।

थानाधिकारी ममता मीना ने बताया कि गांधी नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित पानी की टंकी पर सोमवार शाम तीन बजे मौका पाकर चार युवतियों सहित छह संविदा कर्मी चढ़ गए और अपनी मांगों को लेकर हंगामा किया। पानी की टंकी पर संविदाकर्मियों के चढ़ने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने संविदा कर्मियों को समझाइश कर नीचे उतारने के प्रयास किए। संविदा कर्मियों की मांग थी कि कोरोना समय में उनकी सेवाएं ली गई थी। पिछले वेतन के साथ ही उन्होंने समायोजन व एक्सटेंशन की मांग रखी। पुलिस ने उनकी मांगों को संबंधित अफसरों तक पहुंचने का आश्वासन दिया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद टंकी पर चढ़े छहों संविदाकर्मियों को सुरक्षित नीचे उतरवा लिया गया।

जयपुर आर्ट वीक संपन्न

जयपुर (कासं)। कला महोत्सव जयपुर आर्ट वीक के चौथे संस्करण का समापन सोमवार को भव्य रूप हुआ। पिंक सिटी स्टूडियो में एक गहरे भावनात्मक माहौल में हुआ, जहां कविता, संगीत और दृश्य कला ने एक साथ मिलकर इस सप्ताहभर चले रचनात्मकता, कला और संस्कृति के उत्सव को भावपूर्ण समाप्ति दी। समापन समारोह के अंतर्गत कार्यक्रम एक शानदार उर्दू कविता महफ़िल आयोजित हुई, जिसकी अगुवाई प्रतिष्ठित शायर वामिक़ सैफी ने की। इमरान ने तबला और रईस ने सितार की संगत ने इस संगीतमय शाम को और भी दिलकश बना दिया। उनकी प्रस्तुति में प्रेम, सौंदर्य और समय के प्रवाह जैसे विषयों को काव्यात्मक अभिव्यक्ति मिली, जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। यह संगीतमय और काव्यात्मक संगम श्रोताओं को एक ऐसे संसार में ले गया, जहां कविता और संगीत एक हो गए थे, और हर कोई एक अनूठे अनुभव से गुजरा।